तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025


14 गोंडवाना समाज की संस्कृति और परम्परा है हमारी धरोहर


12 इतिहास बनते जा रहे एजुकेशन हब की बुनियाद...



## खबर संक्षेप

### सांसद ने कार्यकर्ताओं व जनता की सुनी समस्याएं

**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने सांसद कार्यालय कवर्धा में कार्यकर्ताओं व आम जनता की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फोन कर जनता की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। सांसद संतोष पाण्डेय लगातार क्षेत्र का दौरा करते हैं। साथ ही अपने कार्यालय में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू होकर निराकरण करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं व जनता से विभिन्न विषयों में चर्चा की। उनका हालचाल जाना।

### सड़क हादसे में घायलों की दूसरे दिन हुई मौत

**कवर्धा।** जिले की सड़कों में लगातार दूसरे दिन भी रफ्तार का कहर देखने को मिला। बीते गुरूवार को जहां जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई तीन सड़क दुर्घटनाओं को दो लोगों की मौत हुई थी और पांच लोग घायल हुए थे वहीं शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मोटर सायकल सवार ग्रामीण युवक को तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी के बाद क्षेत्रीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद कर लिया है वहीं आरोपी चवाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### जिला मुख्यालय कवर्धा में फिर मिला मानव भ्रूण

**कवर्धा।** मां की ममता और मानवता, दोनों को शर्मसार करने वाली एक घटना ने शुक्रवार की सुबह जिला मुख्यालय कवर्धा में सनसनी फैला दी। यहां सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नगर के मिनी माता चौक के पास एक मानव भ्रूण का शव मिला है। लोगों की नजर इस मृत भ्रूण पर पड़ते ही उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर डॉयल 112 और कवर्धा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और उसने भ्रूण को वरामद कर जांच शुरू कर दी है।

### मोटर साइकिल चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

**रणवीरपुर।** प्रार्थी की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए रणवीरपुर पुलिस ने दो मोटर सायकल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 59/24 अंतर्गत धारा 303(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत कार्यवाही कर चोरी की मोटर सायकल जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुरन साहू ने गत 5 अप्रैल को अपनी पल्सर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी09-जेएच 4295 के चोरी होने की रिपोर्ट रणवीरपुर थाना में दर्ज कराई थी।

# सचिव अंकित आनंद ने किया सुशासन तिहार के कार्यों का अवलोकन

## अधिकारी-कर्मचारियों से अब तक प्राप्त कुल आवेदनों के संबंध में ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के प्रभारी सचिव एवं आवास तथा पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद ने बुधवारी बाजार बालोद स्थित गांधी भवन एवं जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सुशासन तिहार के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से अब तक प्राप्त कुल आवेदनों के संबंध में जानकारी ली।

प्रभारी सचिव अंकित आनंद एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने पंजी का अवलोकन कर आवेदन पत्रें के स्वरूप के संबंध में भी जानकारी ली। प्रभारी सचिव आनंद ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अल्पावधि में ही आम जनता तक सुशासन तिहार के उद्देश्यों एवं कार्यों की जानकारी सही तरीके से पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया है, जो कि बहुत ही सराहनीय है। श्री आनंद ने कहा कि ये सभी व्यवस्थाएं व्यापक प्रचार–प्रसार से ही संभव हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के प्रति बालोद जिले के नागरिकों में निरंतर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। आज तीसरे दिन भी ग्राम पंचायत मुख्यालयों के अलावा जिले के सभी नगरीय निकायों में आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित किए गए स्थानों पर पहुँचकर बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मांगों एवं ▶▶| शेष पेज 12 पर



### पात्रतानुसार होगा निराकरण

प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने कहा कि प्राप्त आवेदन पत्रें का परीक्षण कर पात्रतानुसार आम जनता के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। प्रभारी सचिव आनंद ने सुशासन तिहार के पहले चरण के शेष दिनों में भी आम जनता से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने से वंचित न रह जाए इसके लिए उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को इसका अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने को कहा। उन्होंने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भी इस कार्य में सहभागी बनने को कहा। इस दौरान ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा ड्यूटी में तैनात अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**कार्रवाई :** आरोपियों ने नशे की हालत में अपने ही दोस्त को मारडाला और शव को रेत में दफना दिया

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, तीन युवक गिरफ्तार घटना में उपयोग की गई सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




मृतक यशवंत नेताम

हत्या के आरोपियों को पकड़ने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। युवकों ने अपने ही दोस्त की शराब पीकर मामुली विवाद पर हत्या कर दी। युवकों ने अपने दोस्त की हत्या कर तांदुला नदी में शव को दफना दिया।

प्रकरण के तीनों आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल एवं आलाजरब को पुलिस ने जब्त किया है। इस घटना में शामिल ग्राम कोटगांव थाना अर्जुन्दा निवासी मनीष ठाकुर 21 वर्ष, ग्राम डेंगरापार निवासी साहिल कुमार कंवर 19 वर्ष और ईमन कंवर 21 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना गुण्डरदेही में 8 अप्रैल को डेंगरापार थाना सुरेगांव निवासी प्रार्थी कौशल नेताम 55 वर्ष ने अपने बेटे यशवंत कुमार नेताम पिता कौशल नेताम 24 वर्ष के गुम इंसान का प्रकरण दर्ज



आरोपी

करवाया था। उसका पुत्र 6 अप्रैल को गांव के ही ईमान कंवर, साहिल कंवर के साथ मोटर सायकिल क्र. सीजी 24 व्ही. 1543 से सिकोसा गया था, उनके साथी ईमान कंवर और साहिल कंवर से पूछने पर सिकोसा भठ्ठी में शराब पीने और लड़ाई झगड़ा होने पर उसे छोड़कर वापस आ जाना बताये थे। जांच के दौरान ईमान कंवर, साहिल कंवर से पुछताछ करने पर बताया कि 6 अप्रैल को शराब दुकान सिकोसा से शराब खरीदकर पीने के बाद यशवंत नेताम नशे की हालत में गाली-गलौच, लड़ाई झगड़ा करने के बाद अन्य साथी कोटगांव निवासी मनीष ठाकुर को शराब पीने के लिए सिकोसा ले जाकर तीनों ने यशवंत नेताम को तांदुला नदी के मध्य ग्राम खेरूद ले गए और गला दबाकर, डंडा, पत्थर, शराब की खाली शीशी बोतल व आईना के कांच के टुकड़े से सिर चेहरा में मारकर हत्याकर दिए और शव को तांदुला नदी के रेत ग्राम खेरूद में दफना दिये।

### कब्र से लाश फिर निकलवाई

आरोपियों ने 8 अप्रैल को पॉलीथिन खरीदकर यशवंत नेताम के शव को पुनः बाहर निकाल कर पॉलीथिन में लपेटकर कर वहीं पास दूसरे जगह रेत में दफनाना बताये। इस पर तहसीलदार के समक्ष आरोपियों द्वारा बतायें स्थान पर खुदाई करवाने पर 1 काले रंग की पॉलीथिन से लिपटा हुआ शव मिला, जिसका शव मृतक के परिवार ने देखकर पहचान यशवंत नेताम के नाम से की। मौके पर धारा 103(1), 238, 3(5) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया शव का पी.एम. कराने सी.एच.सी. गुण्डरदेही रवाना किया गया। पुलिस ने आरोपी मनीष ठाकुर, ईमान कंवर, साहिल कंवर से घटना में प्रयुक्त पत्थर, खून लगा डंडे का टुकड़ा, मोटर सायकिल के कांच टुटा हुआ आईना, मृतक का जींस, मृतक का मोबाइल जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें 11 अप्रैल को न्यायालय पेश किया गया।

# धमकी देने वाले पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, हल्बा समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम भंवरमरा थाना मंगचुवा निवासी दारा सिंह भौसार्य ने अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत कर दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए आजाक थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि 23 मार्च को अपने निवास भंवरमरा में रात्रि डौण्डीलोहारा निवासी प्रणव साहू के मोबाइल से बातचीत कर रहा था, उसी समय मोबाइल से बातचीत के दौरान डौण्डीलोहारा निवासी चेतन शर्मा, निखिल शर्मा, जसराज शर्मा तीनों बारी-बारी से मुझे जाति सूचक गाली गलौज व डौण्डीलोहारा आने पर जान से मारने की धमकी दी है। इन तीनों के व्यवहार से मैं व मेरा पूरा परिवार डरे सहमे हुए हैं इन लोगों के व्यवहार से मेरा परिवार अपमानित महसूस कर रहा है।

इसलिए घटना की जांच कर तीनों के विरूद्ध एससी, एसटी एक्ट साईबर एक्ट, बीएनएस के धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई करने 25 मार्च को ज्ञापन दिया गया था, जिसमें आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे आदिवासी हल्बा समाज आक्रोशित है। चार दिवस के अंदर कार्रवाई व दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो हल्बा आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

## ठेठवार यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन कल

**बालोद।** ठेठवार यादव समाज बालोद राज का वार्षिक अधिवेशन 13 अप्रैल को गंजपारा बालोद के ठेठवार यादव भवन में आयोजित किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि समाज के सदस्यों एवं अतिथियों की उपस्थिति में प्रातः 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ होगा। आगामी तीन वर्ष के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव प्रजातांत्रिक प्रणाली से होगा।प्रातः 11 बजे से अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष तीन मुख्य पदों के लिए नामांकन शुल्क सहित फार्म जमा किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के नियम एवं शर्तों को आमंत्रण पत्रों के साथ लिखित में जारी कर दिया गया है। समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया जाएगा। सामाजिक उत्थान हेतु परिचर्चा में युवा संगठन, मातृ शक्तियां एवं सामाजिक बंधुगण सादर आमंत्रित है। संध्या के समय सभापति के संबोधन एवं ध्वजअवतोलन के साथ एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का समापन होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव एवं कार्यालय सचिव जयप्रकाश यादव ने दी है।

# समर्पण का भाव सिखाती है भक्तमाता कर्मा: सांसद बघेल



- अरमारीखुर्द में माता कर्मा जयंती पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन

**जामगांव आर।** परिक्षेत्रीय साहू संघ बेल्हारी के तत्वावधान में 1009 वी कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम अरमारीखुर्द में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल थे। भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर सांसद विजय बघेल ने ज्योत क्लश एवं रंगोली प्रतियोगिता को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समाज प्रमुखों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांसद विजय बघेल ने कहा कि साहू समाज की आराध्य देवी मां सेवा त्याग और भक्ति समर्पण की देवी है, भगवान जगन्नाथ की अनन्य भक्त थी अपने प्रेम और वात्सल्य से भगवान की नित्य सेवा करती थी माता कर्मा समर्पण का भाव सिखाती है ▶▶| शेष पेज 12 पर

# अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्वाचन ड्यूटी के मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कर रहा सोए प्रशासन को जगाने का प्रयास

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिले के सभी विकास खंडों में नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन में ड्यूटी कर चुके अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानदेय शीघ्र भुगतान की मांग की है। नगरीय निकाय निर्वाचन को संपन्न हुए दो माह व पंचायत निर्वाचन को संपन्न हुए लगभग डेढ़ माह उपरांत भी अब तक मानदेय भुगतान नहीं हुआ है।

मामले में भुगतान के लिए टीचर्स एसोसिएशन द्वारा 20 मार्च को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से मिलकर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें उनके द्वारा संबंधित अधिकारी को जल्द भुगतान का निर्देश देते हुए संगठन को शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया गया था, परंतु आश्वासन के लगभग एक माह बाद भी भुगतान नही किया गया है। विदित हो कि निर्वाचन आयोग के द्वारा तय कार्यक्रम अनुसार जिले में विभिन्न नगरीय निकायों में 11 फरवरी व पंचायत आम निर्वाचन तीन चरणों में 17 फरवरी को डौंडी व डौंडी लोहारा, 20 फरवरी को बालोद व 23 फरवरी को गुरूर तथा गुण्डरदेही विकास खंड में संपन्न किया जा चुका है। जिसमें निर्वाचन में मतदान दलों के साथ साथ अन्य निर्वाचन कार्यों के लिए शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस बार निर्वाचन में महिला कर्मचारियों की ड्यूटी भी दलों में व मतगणना आदि कार्यों में लगाई गई थी। निर्वाचन उपरांत निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होकर कार्यभार ग्रहण किए डेढ़– दो माह हो चुका है, परंतु आज पर्यंत मानदेय अप्राप्त है, वहीं कुछ कुछ जगहों पर निर्वाचन के समय ही कर्मचारियों को नगद भुगतान व कुछ जगह निर्वाचन पश्चात आनलाईन भुगतान भी कर दिए जाने की जानकारी है। टीचर्स एसोसिएशन की ओर से जिलाध्यक्ष दिलीप साहू सहित सभी पदाधिकारियों ने जिले के अधिकारियों से शीघ्र मानदेय भुगतान की मांग की है।

**कार्यशाला आयोजित कर बूंद बूंद पानी बचाने के लिए जागरूकता अभियान की आवश्यक**

# जल जतन अभियान पकड़ रहा जोर, गांव-गांव में स्वेच्छाग्रही समूह की दीदियां चला रही हैं अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




विकासखंड में जल जतन अभियान अब जोर पकड़ने लगा है। गांव-गांव में स्वच्छाग्रही समूह के दीदियां जल जतन अभियान चला रही है। लेकिन इसे और अधिक प्रभावी बनाने एसडीएम शिवनाथ बघेल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव ने स्वच्छाग्रही समूह की दीदियों को जनपद पंचायत सभा कक्ष में कार्यशाला आयोजित कर बूंद बूंद पानी बचाने तथा जनभागीदारी से घर घर सोखता गड्ढा बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने अभियान चलाने को कहा।

एसडीएम शिवनाथ बघेल ने स्वच्छाग्रही समूह के अध्यक्ष व सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान अनेक कार्य शाला व बैठकों में शामिल रहा हूं। परंतु आप लोगों जैसा अनुशासित टीम पहली बार देखा है। स्वच्छ भारत मिशन के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा का मेहनत रंग लाया है। महिला समूहों को आगे बढ़ाने काफी मेहनत कर रहे हैं। उनकी मेहनत आज उभर कर सामने आया है। अभी से भीषण गर्मी का शुरुआत हो गया है। वाटर लेवल डाउन हो रहा है। पेयजल संकट उभर कर सामने आ रहा है। समय रहते बूंद बूंद पानी बचाने जन जागरूकता अभियान की आवश्यकता है। घर घर सोखता गड्ढा बनाकर अनुपयोगी पानी को उपयोगी बनाने, वाटर लेबल को बढ़ाने अभियान चलाने स्वच्छाग्रही समूह की दीदियां ही बेहतर कर सकती है। एसडीएम साहब की बात को सुनकर सभी ने तालियां बजाकर एक स्वर में सभी स्वच्छाग्रही समूह की अध्यक्ष व सचिवों ने कल से ही जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने स्वच्छाग्रहियों का नाम प्रथम पंक्ति में गिना जाता है। इसी तरह जल जतन अभियान को एक जन आंदोलन के रूप में देखना चाहते हैं । आप सभी से उम्मीद है कि इस अभियान को भी आप जमीनी स्तर पर उतर कर सफल बनाएंगे। सभी ने पुनः एक स्वर में जवाब दिया कि बूंद बूंद पानी बचाने, पानी का सदुपयोग करने जन आंदोलन दूसरे दिन से ही शुरुआत करेंगे। सकारात्मक जवाब सुनकर एसडीएम व सीईओ ने सभी स्वच्छाग्रही समूह की अध्यक्ष व सचिवों को शाबाशी दी।

**संकुल समन्वय गौतम सिन्हा ने दी टिप्स :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के संकुल समन्वय गौतम सिन्हा ने कार्यशाला के दौरान स्वच्छा ग्रहियों को जन जागरूकता अभियान के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में टिप्स देते हुए कहा कि भीषण गर्मी पड़ रही है। अपने साथ पानी का बॉटल तथा गर्मी से बचने का ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जागरूकता अभियान का दिखा असर

जनपद पंचायत सीईओ पंकज देव ने कहा कि दिनों दिन पेयजल समस्या विकराल रूप लेते जा रही है। अभी पूरा गर्मी का मौसम बचा हुआ है। जल स्तर घट रहा है। घर घर सोखता गड्ढा का निर्माण कर जल स्तर को बढ़ाएं। नलों की टोटी को खुला न छोड़े। पानी को व्यर्थ बहने से बचाएं। इसके पूर्व आप सभी ने जल जतन पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान चलाया है। जिसका असर भी दिख रहा है। अब व्यवहार परिवर्तन की दिशा में कार्य करना है। सीईओ पंकज देव ने आगे कहा कि आप सभी स्वच्छाग्रही समूह की अध्यक्ष व सचिव एक मास्टर ट्रेनर की तरह कार्य कर रहे हैं। आपकी मेहनत दिख रहा है। जन जागरूकता अभियान में आप लोग दक्ष हो गए हो। आपकी सेवा किसी से छुपा नहीं है। एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने गांव गांव में स्वच्छाग्रही समूह का मनोबल बढ़ा रहे है। ऐसा ही सभी मिलजुल कर कार्य करें।

# बेटी की शादी के लिए समाज ने जोड़े 38 हजार, पिता को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- परेशान नंदलाल की मदद कर यादव समाज ने पेश की मिसाल

छग ठेठवार यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ की पहल पर पूरा समाज के लोगो ने एक अनोखी मिशाल पेश की है। समाज के एक बेटी की शादी के लिए आर्थिक सहयोग किया है।

ग्राम गाड़ाडीह जाकर समाज के पदाधिकारियों ने लड़की के पिता को नगद 38200 रुपए भेंट किया। साथ की विवाह की शुभकामना भी प्रेषित किया। बता दे कि नंदलाल यादव का जीविकोपार्जन दूध बेचकर होता है, लेकिन कुछ दिन पहले उसके पूरा मवेशी एक साथ चोरी हो गया। वही आगामी 14 अप्रैल को नंदलाल की बेटी कल्पना का विवाह तय हो गया है। नंदलाल के परिवार के सामने आर्थिक संकट आ गया। जिसे देखते हुए बेटी की विवाह के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। उन्होने बताया नंदलाल यादव गाडाडीह ▶▶| शेष पेज 12 पर

# अदम्य साहस और सेवा की अनूठी मिसाल है बीएसपी का जंबो दमकल बेड़ा

## बीएसपी सहित जिले में भी अग्नि दुर्घटनाओं की हो रही रोकथाम, 50 साल का कामयाबी भरा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विश्व अग्निशमन सेवा दिवस

भिलाई इस्पात संयंत्र की जंबो फायर ब्रिगेड सेवा तत्परता, साहस और संकट मोचन की अनूठी मिसाल है। मध्य भारत का यह सबसे बड़ा और अत्याधुनिक अग्निशमन सेवा केन्द्र वर्षों से न सिर्फ बीएसपी की अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम बल्कि अंचल में भी आगजनी की घटनाओं को नियंत्रित करने में महती भूमिका निभा रहा है। पिछले पचास साल के दौरान सैकड़ों अग्नि हादसों के साथ कई लोगों की जान की रक्षा करने में कामयाबी मिली है। एक फायरफाइटर केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं होता। उन्हें अपनी जान की परवाह किए बिना, हर तरह की आपातकालीन स्थिति में अपनी क्षमता और सूझबूझ का प्रदर्शन करना होता है। बीएसपी की फायर ब्रिगेड की टीम भी इसी प्रकार के साहसिक कार्यों में निपुण है। यह फायर ब्रिगेड पूरे भारत में अपनी बहादुरी, कुशलता के लिए जानी जाता है। मेगा दमकल विभाग की कार्यप्रणाली सुनियोजित और चार मुख्य विंग्स में विभाजित है। ट्रेनिंग, प्रिवेंशन, मेंटेनेंस और ऑपरेशन विंग्स। ट्रेनिंग विंग युवाओं को केवल उपकरणों के प्रयोग का अभ्यास नहीं कराता, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बना कर इस कठिन सेवा के लिए उन्हें तैयार करता है। यह प्रशिक्षण संयंत्र के बाहर भी संचारित किया जाता है, जिनमें स्कूल, अस्पताल, पुलिस विभाग और अन्य सामुदायिक संस्थान तक शामिल हैं। प्रिवेंशन विंग का कार्य संयंत्र के भीतर संभावित अग्नि-जोखिम वाले क्षेत्रों की समय रहते पहचान करना और वहां उचित अग्निशमन उपाय सुनिश्चित करना है। विशेष रूप से तेल के सेलर, क्रेन, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप जैसी जगहें, जो अग्नि के प्रति अधिक संवेदनशील और जोखिमपूर्ण इलाके हैं, जहाँ आग लगने का खतरा अधिक रहता है। संयंत्र में लगे 16,200 से अधिक फायर एक्सटिंग्विशर्स का हर चार माह में परीक्षण किया जाता है।

### कई बड़े अग्नि हादसे टाले

दमकल बेड़े की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाता है ऑपरेशन विंग, जिसके कंधों पर अग्निकांड से लेकर रेस्क्यू, गैस ब्लैंकिंग से लेकर डिब्लैंकिंग, वीआईपी ड्यूटी से लेकर मॉक ड्रिल तक की समस्त जिम्मेदारियाँ होती हैं। फायर कॉल मिलते ही मात्र 30 सेकंड में घटनास्थल की ओर तत्परता से रवाना हो जाता है। रायपुर के गुढ़ियारी स्थित ट्रांसफॉर्मर यार्ड में घटी आग की वह बड़ी घटना है, जहां संयंत्र से बाहर निकलकर इस फायर ब्रिगेड ने आठ घंटे तक निरंतर कार्य करते बड़ी हादसे को टाल दिया। दमकल विभाग बेड़े ने प्लांट के अंदर हुए कई बड़े हादसों सहित सालभर पूर्व हुडको श्रमिक बस्ती और कैंप एक फलमंडी में लगी भीषण आग को बुझाने में अहम भूमिका निभाई।




### जिले के पैरावटों का है सुरक्षाकवच

बीएसपी का दमकल बेड़ा जिले के ग्राम्यांचल के पैरावटों में लगने वाली भंयकर आग का भी सुरक्षा कवच बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक हर साल गांवों के खलिहानों के पैरावटों में आग लगने की करीबन ढाई सौ गटनाएं होती हैं। आग बुझाने के लिए जिला प्रशासन बीएसपी के फायर ब्रिगेट वाहनों पर निर्भर है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पैरावट को आग से बचाने जागरुकता की जरुरत है। इस समय, जब औद्योगिक सुरक्षा की परिकल्पनाएं बदल रही हैं और संकट प्रबंधन को केवल उपकरणों की दृष्टि से नहीं, बल्कि समग्र रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, तब बीएसपी की फायर ब्रिगेड एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत करती है, जिसकी पुनरावृत्ति देश के अन्य औद्योगिक संस्थानों में की जानी चाहिए।

---

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में भिलाई क्षेत्र के 10 जगहों में शिविर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2025 चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। नगर निगम भिलाई के 10 जगहों पर सुशासन शिविर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगाए जायेगे। मुख्य मुख्य कार्यालय सुपेला में हेल्प डेस्क के पास इसके साथ ही जोन-01 नेहरू नगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी, जोन-02 वैशालीनगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब के पास, जोन-03 मदर टेरेसा नगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा बैकुण्ठधाम एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास, जोन-04 शिवाजी नगर खुर्सीपार पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 40 सामुदायिक भवन, जोन-05 सेक्टर 06 । सुशासन तिहार का उददेश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्व निराकरण किया जाना है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन करना एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करना है, सुशासन तिहार तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक नागरिको की समस्या से संबंधित आवेदन लिया जाएगा। दुसरे चरण में 1 माह के भीतर दिये गये समस्याओं का निराकरण किया जाएगा एवं तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किए है। कि सुशासन तिहार पर सभी जोन कार्यालय में नागरिको से आवेदन लिया जाना है। नागरिक अपना आवेदन कार्यालयीन दिवस पर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक जमा कर सकते है। आवेदन आनलाईन भी कर सकते है। प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

### ट्रैफिक से दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई।** नेहरू नगर, स्मृति नगर चौक पर बढ़ते ट्रैफिक की समस्या के कारण जाम के हालात के साथ दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। सुबह और शाम को चौक के दोनों तरफ दूर तक ट्रैफिक बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस व्यस्ततम मार्ग पर नेहरू नगर, स्मृति नगर, जुनवानी और कोहका के सैकड़ों वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। खासकर ड्यूटी और स्कूल, कॉलेज के समय ट्रैफिक की समस्या अधिक होती है। इस दौरान दोपहिया वाहन आपस में टकराने के आसार बने रहते हैं, इससे विवाद की स्थिति उत्पन्न होते रहती है।

### भाजपा स्थापना दिवस पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** सक्रिय सदस्य सम्मेलन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कौशिक, प्रीतपाल बेलचंदन, लिलेश्वर देशमुख, हेमन्त सिन्हा, अनुपात साहू, राजू जंघेल, शीतल ठाकुर मंडल अध्यक्ष, आशीष निमचे, गायत्री वर्मा, दिनेश देवांगन, मनोज साहू, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, माया बेलचंदन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन का कार्यक्रम में जनपद जिला पंचायत के पदाधिकारी रहे। विश्व की सबसे बड़ी भाजपा पार्टी बनकर उभरी है।

---

### टाउनशिप के धीरे-धीरे बंद हो रहे हिंदी-अंग्रेजी स्कूल

# इतिहास बनते जा रहे एजुकेशन हब की बुनियाद रखने वाले बीएसपी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में एजुकेशन हब की बुनियाद के रुप में जाने जाने वाले टाउनशिप के बीएसपी स्कूल धीरे धीरे अब इतिहास बनते जा रहे हैं। एक एक कर स्कूल बंद हो रहे हैं। इसका खामियाजा बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को बाहर महंगी शिक्षा के रुप में भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दशकों के दौरान 80 से अधिक बीएसपी हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्कूलों को बंद किया जा चुका है।

सेल का फौलाद पर फोकस और निजी स्कूलों की दोहरी मार टाउनशिप के बीएसपी स्कूलों पर भारी पड़ रही है। एक ओर तो शहर में निजी और पब्लिक स्कूल बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बीएसपी द्वारा संचालित स्कूल बंद होते जा रहे हैं। इसके चलते बीएसपी कर्मियों और टाउनशिप में रहने वाले गैर बीएसपी कर्मियों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों का रुख करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हर साल एक दो स्कूलों को वाइंडअप किया जा रहा है। पिछले सत्र में हिंदी मीडियम मिडिल स्कूल को बंद कर दिया गया। इसके पूर्व सेक्टर 8 स्कूल को बंद किया गया था। पिछले दो दशकों के दौरान 80 हिंदी और अंग्रेजी मीडियम प्रायमरी, मिडिल और हाई स्कूल बंद हो चुके हैं। वर्तमान में मात्र 11 स्कूल ही संचालित हो रहे हैं। गौरतलब हो कि साठ के दशक में बीएसपी की स्थापना व टाउनशिप के विकास के साथ ही कर्मियों को बच्चों के लिए भिलाई महिला समाज द्वारा स्कूलों के संचालन की शुरुआत हुई। बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा 90 के दशक तक 109 हिंदी व इंगलिश मीडियम स्कूलों की संचालन किया जा रहा था। पालकों व बच्चों ने बताया कि बीएसपी स्कूल बंद होने के कारण महंगी फीस पर प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है।

#### खास बातें

- सौ स्कूलों में वर्तमान में मात्र 11 स्कूल संचालित
- बच्चे महंगे निजी स्कूलों में जाने मजबूर
- महंगी फीस पर प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा

#### पिछले बीस साल में 80 स्कूल वाइंडअप



#### दोहरी मार पड़ रही

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से सेल की बदली हुई पालिसी और फौलाद निर्माण पर ही फोकस करने की नीति के चलते शिक्षा और चिकित्सा आदि सेवाओं से धीरे धीरे हाथ खींचा जा रहा है। फिर इस बीच शहर में पचासों प्राईवेट स्कूल खुल गए हैं। स्कूल महंगे हैं। इसके चलते टाउनशिप के बीएसपी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। बंद स्कूलों के बच्चों को दूसरे बीएसपी स्कूल में स्थानांतरित किया जा रहा है। पहले बीएसपी स्कूलों में शिक्षा भी गुणवत्तायुक्त थी और फीस भी नगण्य थी। बीएसपी स्कूलों की गुणवत्तायुक्त शिक्षा और विभाग की सक्रियता के चलते बीएसपी स्कूलों से पढ़कर निकले सैकड़ों बच्चे देश दुनिया में शहर का नाम रौशन कर रहे हैं। स्कूलों को भिलाई को एजूकेशन हब बनाने में अहम योगदान रहा है।

#### हर सेक्टर में बंद हो रहे स्कूल

अब तक 83 बीएसपी स्कूल बंद किए जा चुके हैं। इनमें सेक्टर 1 हिंदी मीडियम हाई स्कूल, से. 2 हायर सेकंडरी गर्ल्स स्कूल, एनसीईआरटी स्कूल, से. 3 स्कूल,से. 4 अंग्रेजी व हिंदी मीडियम स्कूल, से. 5 हायर सेकंडरी गर्ल्स व मिडिल स्कूल, से. 6 हिंदी हायर सेकंडरी पानी टंकी, उच्चतर स्कूल ए मार्केट, एमजीएम के सामने प्रायमरी स्कूल बंद हो चुके हैं। इसके अलावा से. 7 ईएमएमएस, हाई स्कूल, मार्केट के पास प्रायमरी स्कूल, सेक्टर 9 हिंदी हायर सेकंडरी स्कूल, से. 10 ईएमएमएस स्कूल, मड़ौदा व रिसाली सेक्टर के 4 हिंदी व अंग्रेजी स्कूल व खुर्सीपार के तीन स्कूलों सहित अधिकतर स्कूलों को बंद किया जा चुका है, वर्तमान में सिर्फ 11 बीएसपी स्कूल ही संचालित हो रहे हैं। यूनियनों ने बीएसपी स्कूलों को फिर से अपडेट किये जाने की मांग की है।

---

## मकान के गोदाम से मिला 40 किलो गांजा, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पुलिस ने एक मकान के गोदाम से 40 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पकड़े गए गांजा की कीमत लगभग 4 लाख रुपए का बताया जाता है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को अंजोरा चौकी पुलिस और एसीसीयू ने मिलकर महमरा आउटर कॉलोनी में बड़ी मात्रा में गांजा डंप किए जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम ने दबिश दी और मकान से 40 किलो गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताया जाता है।

### एक युवक गिरफ्त में

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया मकान में गोदाम बनाकर रखा था गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसका नाम गोपी कुमार है। पंजाब से आकर वह तीन महीने से किराए पर रहता है। मालकिन कृष्णा देवी चौधरी और उसकी बेटी सुनीता चौधरी और बेटा आयुष मिलकर गांजा बिक्री करने की सूचना पर अंजोरा पुलिस द्वारा दबिश दी गई। आरोपित घर में गोपी कुमार जो सुनीता का प्रेमी है मिला जिससे पूछताछ में कृष्णा देवी चौधरी द्वारा उड़ीसा से गांजा लाकर खुर्सीपार में मिलकर बेचना बताया। गोपी द्वारा कृष्णा देवी और उसकी बेटी सुनीता और आयुष को लुधियाना में होना बताया है । आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की विधिवत कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों ने मकान में एक गोदाम बनाया है। जहां बड़ी मात्रा में गांजा डंप करके रखते थे।

### अपराध के विरोध में महिलाओं ने निकाली आक्रोश रैली



भिलाई। दुर्ग में 6 साल की बच्ची के साथ हुए अपराध के विरोध में अपराधी को फांसी देने के लिए कविता पब्लिक वेयरफेयर फाउंडेशन की महिलाओं द्वारा श्रीराम चौक से खुर्सीपार गेट तक आक्रोश रैली निकाली गई। इस रैली में कविता रंगारे, उषा देवी, परमिला मानिकपुरी, साधना शर्मा, पिंकी सिन्हा, लक्ष्मी साहू, शशिकला शर्मा सहित काफी संख्या में महिलाओं ने उपस्थित होकर न्याय की गुहार प्रशासन से की।

---

## से.6 आंबेडकर भवन को कब्जामुक्त कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- एससी/एसटी एसोसिएशन ने की प्रबंधन से मांग

भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बीएसपी के लाइजन आफिसर रोहित हरित को ज्ञापन सौंपकर एसोसिएशन के सेक्टर 6 आंबेडकर भवन से एक हफ्ते के अंदर कब्जा हटाने की मांग की है। सालभर बाद भी बीएसपी प्रबंधन द्वारा कब्जा नही हटाने के कारण 14 अप्रेल को संविधान निर्माता बाबा साहेब डां. आंबडेकर की जयंती कार्यक्रम आयोजित करने में असुविधा हो रही है। कोमल प्रसाद ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि फेडरेशन और आईआर विभाग की हुई बैठक में बताया गया कि पिछली बार एसोसिएशन व आइआर विभाग के साथ हुई बैठक में समाज प्रमुखों की ओर से कहा गया था कि एसोसिएशन को पंजीयक एवं प्रबंधन से मान्यता है तो फिर प्रबंधन अवैध कब्जे को क्यों खाली नहीं करवा रहा है। सालभर बाद फिर बाबा साहेब की जयंती मनाने का समय आ गया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी के बाजू में खाली पड़ी जमीन में डॉ. आम्बेडकर पुस्तकालय एवं संग्रहालय निर्माण करने दो जगहों का अध्ययन कर रिपोर्ट लाइजन अधिकारी को सौंप दिया गया है। लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के साल भर बाद भी भूमिपूजन नही हुआ है। प्रबंधन से आंबेडकर भवन व कार्यालय से कब्जा हटाने की मांग प्रबंधन से की है। बैठक में अध्यक्ष कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवशी, शशांक प्रसाद, महासचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, जोनल सचिव संतज्ञानेश्वर गायकवाड़, कालीदास बघेल, संजय कुमार, उत्तम मंडावी, कुंज लाल ठाकुर, यशवंत नेताम, उप कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र, एमएम राय, जितेन्द्र कुमार भारती उपस्थित थे।

## एकीकृत बाल विकास, सुपोषण चौपाल से किया जागरुक

**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग के चल रहे पोषण पखवाड़े के तहत गुरुवार को तीसरे दिन एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन मापन किया गया। उन्हें वज़न अनुसार विभिन्न श्रेणी यानी सामान्य सैम मेम में चिन्हांकित किया गया । आंगनवाड़ी केन्द्रों मे पालक बैठक आयोजित कर जीवन के सुनहरे 1 हजार दिवस पर चर्चा कर उसके महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलेट्स एवं पोषण आहार विविधता की उपयोगिता बतायी गयी। कुपोषण मुक्ति जनजागरूकता बढ़ा कर पोषण के आयामों को जनांदोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।सेक्टर कैंप में पोषण पखवाड़ा के तहत सुपोषण चौपाल मनाया गया । इसमें गोद भराई और अन्यप्रसन्न कराया गया और गर्भवती माता के स्वास्थ्य के बारे में और 0 से 6 वर्ष के बच्चों के उचित एवं सुरक्षित पोषण के बारे में जानकारी दी गई।



## मेरी छवि खराब करने वालों के खिलाफ अदालत जाएंगेः बिसाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- पत्रकारवार्ता में विवाद पर बोले

हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम को अपना बताकर जबरिया विवाद किया गया। दुर्भावना से मेरी और मेरे समाज की छवि खराब करने वालों के खिलाफ अदालत की मदद लेंगे। उक्त बातें नारी शक्ति बेंथो उड़िया समाज के निरंजन बिसाई ने आज पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने बताया कि 6 अप्रेल को श्री माँ सिन्धू पटरानी पूजा महोत्सव का आयोजन जवाहर नगर में हमारे द्वारा किया गया था, लेकिन कुछ लोगों ने जबरन इसे अपना कार्यक्रम बताकर अपनी समिति के नाम के फलेक्स को हमारे टेंट मे लगाने लगे। विरोध करने पर जुदिस्टि बिसाई उर्फ़ राजू बिसाई और उसके बच्चे के साथ सीमाद्री बिसाई, निरंजन दलाई, जगबंधु साहू,निरंजन साहू ने मारपीट किया । मामले में महिलाओं द्वारा द्वारा वैशाली नगर थाने में एफआईआर कराया गया। इन लोगों के द्वारा हमारे नारी शक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को अपना बताकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

निरंजन बिसाई ने बताया कि जब से मुझे विधायक प्रतिनिधि बनाने के बाद से इस कार्यक्रम में विवाद कर मुझे और मेरी राजनीति को खराब करने के लिए कोशिश कर रहे थे। निरंजन बिसाई ने बताया कि एम राजेश्वरी के मकान को मेरे दवारा कब्ज़ा करना बताया जा रहा है जबकि उसके दवारा पैसा लेकर उक्त मकान को अनुबंध कर नोटरी करवाया गया हैं और मुझे सौपा गया है, और वह लोग राउरकेला अपने गांव चले गए थे, अब आकर वह फिर उस मकान पर अपना दावा कर रहे हैं,जबकि उस मकान के बदले 14 लाख रूपये लेन देन किया गया हैं,उस महिला और उनके दोनों बेटों द्वारा मुझे झूठे मामले मे फसाने और बदनाम करने की कोशिश लगातार की जा रही है । मकान कब्ज़ा का आरोप भी झूठा हैं । मैं भी उसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाऊंगा।

---

## पेज 11 के शेष

### सचिव अंकित आनंद ने किया ...

समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रभारी सचिव श्री आनंद ने मौके पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों, आम जनों और अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन करने पहुँचे लोगों से बातचीत कर सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुशासन तिहार के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत राशन कार्ड बनाने एवं पानी की प्रबंध आदि के संबंध में आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रें का परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान पात्रतानुसार इसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके पश्चात प्रभारी सचिव अंकित आनंद ग्राम झलमला के ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँचकर सुशासन तिहार के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से बातचीत कर उनके द्वारा आज प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रें एवं अन्य आवश्यक विषयों के संबंध में बातचीत की। इस दौरान प्रभारी सचिव अंकित आनंद एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अधिकारियों के साथ बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कार्यालय उमरादाह, पड़कीभाट, लाटाबोड़ का भी अवलोकन कर सुशासन तिहार के पहले चरण के कार्यों का अवलोकन किया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, सामाजिक पेंशन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने कहा कि 10 एवं 15 ग्राम पंचायतों का कलस्टर बनाकर समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### समर्पण का भाव सिखाती ...

देश को विश्व स्तर पर ले जाने वाले हमारे गुजरात के साहू समाज से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिनके नेतृत्व में देश उन्नति तरक्की कर रहा है साहू समाज के लिए बहुत ही गौरव है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, कल्पना नारद साहू, अजय कुमार साहू, कमलेश साहू रविशंकर साहू, हरिशंकर साहू, कल्याण साहू, कपूर राम साहू, रेवा राम साहू सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जल जतन अभियान पकड़ ...

उपाय जरूर करें। जन जागरूकता अभियान को सुबह सुबह चलाएं। सोखता गड्ढा बनाने अपने घर से शुरुआत करें। कोई समस्या हो तो मुझे कॉल करें। गौतम सिन्हा ने बताया है कि जिला प्रशासन के दिशा निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव सर के मार्गदर्शन में बूंद बूंद पानी बचाने, पेय जल व निस्तारी की समस्या से बचने के लिए जन जागरूकता अभियान के माध्यम से जल जतन पखवाड़ा मनाया गया है। परन्तु अब एक कदम और आगे बढ़कर पेय जल रिचार्ज पीट का निर्माण करने की दिशा में कार्य की शुरुआत करेंगे।भीषण गर्मी में वाटर लेबल नीचे चला जाता है जिससे समस्या उत्पन्न हो जाती है। आप सभी पानी का सद्धुपयोग करें। नलों से पानी को व्यर्थ न बहने दें। स्वच्छाग्रही समूह की ब्लॉक अध्यक्ष रमन बावरे, ऊषा बढ़ई, कृष्णा जांगड़े, संतोषी खरे, पेमिन साहू, पार्वती गोटे, महेश्वरी देहारी, रेखा जोशी, संगीता प्रीतम, सिरकुंवर मंडावी सहित स्वच्छाग्रही समूह की दल प्रमुख उपस्थित थे।

### बेटी की शादी के लिए ...

निवासी है उनकी बेटी कल्पना की विवाह हेतु आर्थिक सहयोग यादव ठेठवार समाज द्वारा 38200 रूपये भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ परमानंद यादव, प्रदेश महासचिव नरोत्तम यद्धु, प्रदेश संरक्षक प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ रामसिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा रमन यादव, संरक्षक धमधा राज गणेश राम यादव, प्रदेश प्रचार मंत्री महासभा सरोज यद्धु, उपाध्यक्ष रायपुर राज नवीन यद्धु, अध्यक्ष महानगर ईकाई रायपुर हरिराम यद्धु, अमन यादव, प्रदेश सलाहकार युवा प्रकोष्ठ बलराम यादव, अध्यक्ष पाटन राज ईश्वर यादव, सचिव पाटन राज अश्वनी यादव, मनोज यादव, गोरे लाल यादव, भूपेन्द्र, तरूण सहित गाड़ाडीह के स्थानीय स्वजन एवं नंदलाल यादव के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## ठेका मजदूरों का नौ रुपए रोजाना वृद्धि

**भिलाई।** एक अप्रेल से राज्य सरकार द्वारा नई वेतन दर लागू कर दी गई है। नई दर के अनुसार मजदूरों के वेतन में रोजाना नौ रुपए यानी 270 रुपए मासिक वृद्धि की गई है। इसके तहत भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भी सभी नियोक्ताओं परिपत्र जारी कर अपने सभी श्रमिकों को नई प्रभावी दैनिक मजदूरी भुगतान के करने कहा है। ठेका श्रमिक यूनियन प्रबंधन इस सर्कुलर को सख्ती से लागू करने की मांग की है। हिंदुस्तान इस्पात ठेका श्रमिक यूनियन ( हिट्सू) के महासचिव योगेश सोनी ने बताया कि न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत श्रमायुक्त एवं सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से वर्ष मे 2 बार जारी किया जाता है। !इसी संदर्भ में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने नई प्रभावी दैनिक मजदूरी पर 2 अप्रेल को परिपत्र जारी कर तमाम ठेकेदार और सभी प्रमुख नियोक्ता और ठेका प्रचालन अधिकारी को परिपत्र वितरण कर सूचित किया गया है। श्रमिकों के लिए नई वेतन दर 1 अप्रेल से प्रभावी है ।

- हिंदुस्तान इस्पात ठेका श्रमिक यूनियन ने कहा सर्कुलर के अनुसार मिले वेतन

### कटौती के बाद इतना मिलेगा वेतन

यूनियन ने श्रमिकों को 1 अप्रेल से राज्य सरकार की न्यूनतम तय दैनिक मजदूरी के साथ बीएसपी द्वारा दी जा रही एडब्ल्यूए (एडिशनल वेलफेयर एलाउन्स।) की राशि की गणना और पीएफ ईएसआई की कटौती के बाद सभी श्रेणी के श्रमिकों को मिलने वाले वास्तविक वेतन की जानकारी दी है। सभी कटौती के बाद ठेका श्रमिकों के खाते मे माह मे 26 हाजरी ड्यूटी करने पर इस प्रकार वेतन राशि मिलेगी। अर्धकुशल को 13426 रूपये प्रतिमाह, अर्धकुशल ( एसएसडब्ल्यू)- 13993 रु.,कुशल मजदूर को 14674, अतिकुशल -15354 रु. वेतन मिलेगा। इसके अलावा 14 तारीख को आंबेडकर जयंती होने के कारण बीएसपी प्रबंधन ने बंद छुट्टी पर परिपत्र जारी किया है ।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने दिया फोर लेन बिजली तार बिछाने आवेदन

**बालोद/सिकोसा।** मडियापार में फोर लाइन बिजली तार बिछाने के लिए जनपद सदस्य गहलोत ने आवेदन किया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायत लिमोरा के आश्रित गांव मडियापार में बहुत सालों से टू लाइन बिजली तार के कारण वोल्टेज की समस्या आए दिन रहती है, जिससे गांव वासियों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है एवं विविध आयोजन के लिए जनरेटर की व्यवस्था करनी पड़ती है। आए दिन बिजली कटौती से भी ग्रामीण परेशान तथा टू लाइन बिजली को फोर लाइन कर विद्युत प्रभाव बढ़ाने के लिए जनपद सदस्य ने विद्युत विभाग के समक्ष मांग रखी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर तिवारी, राजा बारले, हेमंत पटेल, लोमन निषाद, वीरेंद्र मांडवी और समस्त पंच सरपंच उपस्थित थे।

### रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ के चेयरमेन बने तोमन साहू

**बालोद।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहु को रेडक्रास सोसायटी



छत्तीसगढ़ के चेयरमेन बनाया गया है, राज्य चेयरमेन के चुनाव में उन्हे जीत हासिल हुई है। उनके रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ के राज्य चेयरमेन बनने पर पार्टी नेताओ के साथ ने कार्यकर्ताओ ने हर्श व्यक्त किया है।

### ओबीसी महासभा ने की 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग



**गुरूर।** ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक द्वारा ओबीसी महासभा द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर शासन प्रशासन को ज्ञापन दिया जा रहा है एवं ओबीसी महासभा द्वारा जन आंदोलन के माध्यम से लगातार सरकार को अवगत कराया जा रहा है। ओबीसी महासभा ने गुरूर में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम गुरूर तहसीलदार हनुमंत श्याम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, अधिवक्ता विनेश गजेंद्र, अधिवक्ता रामगोपाल सिन्हा, उमेंदी राम गंगराले, खोमन लाल साहू सहित ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आम्बेडकर जयंती पर होंगे आयोजन

**दुर्ग।** शहर में बौद्ध एवं आम्बेडकर अनुयायी सभी संगठनो द्वारा 14 अप्रैल 2025 को बौधीसत्व विश्वरत्न डॉ. बी.आर. आम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती बड़े हर्षोलास से हिन्दी भवन के सामने झाडूराम देवांगन गवर्नमेंट स्कूल के मैदान में सार्वजनिक जयंती समारोह समिति दुर्ग द्वारा आयोजित की गई है। जयंती कार्यक्रम में गोंडवाना समाज, कुर्मी समाज, घासी घसीया समाज आदि समाजों द्वारा अपनी सहभागीता दी जा रही है।

समस्याओं के निराकरण सुनिश्चित करने का बेहतर माध्यम साबित हो रहा सुशासन तिहार

# मांगों व समस्याओं की जल्द से जल्द निराकरण होने की पूरी उम्मीदः ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन की स्थापना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई सुशासन तिहार जिले के आम नागरिकों के लिए उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण सुनिश्चित करने का बेहतर माध्यम साबित हो रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से अब आम जनों को अपने समस्या का निराकरण करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाना नहीं पड़ रहा है। अब वे अपने गांव में ही ग्राम पंचायत कार्यालय में बहुत ही आसानी के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें शासन से अपने मांग एवं समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण होने की उम्मीद है।

इसी कड़ी में आज सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतिम दिन जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम कोंहगाटोला के ग्रामीण महिला मालती बाई साहू एवं ग्राम जुंगेरा निवासी ज्योति पवार ने अपने मांग एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन करने अपने ग्राम पंचायत कार्यालय पहुँची। सुशासन तिहार के माध्यम से अपने मांगों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय उनके चेहरे बहुत ही प्रसन्नता नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि बालोद विकासखण्ड के ग्राम कोंहगाटोला के ग्रामीण महिला मालती बाई साहू एवं ग्राम जुंगेरा निवासी ज्योति पवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि सुशासन तिहार के माध्यम से अगले चरण में उनकी मांग का समुचित निराकरण हो सकेगा। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के माध्यम से हम जैसे अनेक ग्रामीण महिलाओं को जिन्हें अपने मांग एवं समस्याओं का निराकरण करने के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता था। जिससे हमें आने–जाने में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता था परंतु आज सुशासन तिहार के माध्यम से अपने–अपने ग्राम पंचायत कार्यालय में ही अपनी मांग का आवेदन प्रस्तुत कर समय एवं धन दोनों की ही बचत हो रही है। उन्होंने राज्य शासन की इस पहल को बहुत ही कारगर कदम बताया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद दिया है।





## सुशासन तिहार के अंतिम दिन कई लोगों ने प्रस्तुत किए आवेदन

**बालोद।** सुशासन तिहार के चौथे व अंतिम दिन बालोद जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार तीन चरणों मे संपन्न होगा। जिसके पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों एवं समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन लिया गया है। दूसरे चरण में लगभग 1 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसके पश्चात तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत चौथे एवं अंतिम दिन आज जिले के ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में सुबह से ही लोगों का चहल–पहल देखने को मिला।



## योगाचार्य ने जन्मदिवस पर लगाया योग के साथ रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विगत 17 मई 2021 से लगातार ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन संगीतमय योग शिविर, पतंजलि योग समिति जिला बालोद के तत्वाधान में नियमित योगसत्र जारी है। इसे विशेष बनाने के लिए योगाचार्य तीरथ कुमार अटल हमेशा तत्पर रहते है उन्होंने अपने जन्मदिन के सुअवसर पर विशेष योग सत्र लिया, जिसमें जन्मदिवस के अवसर पर योग के साथ वृक्षारोपण एवं रक्तदान जीवनदान महादान के उद्देश्य से समाज को प्रेरित एवम जागरुक करने का निश्चय किये है।

योग ग्राम अंडी एवं जिले के नौजवान युवा एवं बच्चे तीरथ अटल के योग से प्रेरित होकर, योग को अपनाने लगे है जिसमे स्वास्थ्य लाभ होने लगा है। योग के साथ ही रक्तदान में भाग लेकर कुमेश्वर साहू,लेख राम साहू, अमरलाल डोंगरे डोमेश्वर साहू एवं पतंजलि के मीडिया प्रभारी कमलकांत साहू, पूरन लाल साहू, उमेश साहू, मुकेश आरदा, अरुण साहू , गैंदसिंह देशमुख, भूपेंद्र धनकर, मुकेश देशमुख, पुष्पेंद्र अग्रवाल, तेजेंद्र हिरवानी, पीलूराम साहू, वीरेंद्र बघेल, श्रीमती नैन साहू, ओम लता साहू, खुशी साहू, शोभना देशमुख, सुरेखा अटल, सुनीता हिरवानी, नंदिनी साहू सभी योगाचार्यो द्वारा योग के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ शरीर पर स्वस्थ मन का वास होने का मंत्र सबको देते है। बच्चों ने योग शिविर में भाग लेकर सुक्ष्म व्यायाम से लेकर योग प्राणायाम योगिंग जॉगिंग भस्त्रिका,कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन,सिंहासन,हास्यासन अनेक प्रकार के योग के साथ-साथ खान-पान रहन-सहन, नैतिक शिक्षा पर विशेष चर्चा के साथ बच्चों को ध्यान आकर्षण कराया गया।जिसमें निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्ति तक का पुरुषार्थ के लिये शिविर का आयोजन किया गया। अनेक स्थानों पूर्व मे योग शिविर लगा कर लोगो को पतंजलि योग समिति बालोद द्वारा स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाता रहा है।यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

## सचिव संघ के समर्थन में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्थानीय जनपद पंचायत सामने 120 पंचायत सचिव विगत 25 दिनों से शासकीयकरण करने की मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जहां पर उपस्थित होकर जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनते ही राज्य सरकार सभी सचिवों को शासकीयकरण करने की मांगे घोषणा पत्र में लिखा था, घोषणा पत्र बनाने वाले विजय बघेल सांसद जी डबल इंजन की सरकार में गृहमंत्री विजय शर्मा के मंच पर घोषणा करते हुए वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें साफ साफ कहा जा रहा है कि सभी सचिवों को शासकीयकरण किया जाएगा, लेकिन आज लगभग दो साल निकलने वाली है, कांन में जूं तक नहीं रेंग रही हैं।

सचिव संघ को समर्थन करने पहुंचे विधायक प्रतिनिधि गोविंद चन्द्राकर ने कहा कि विधानसभा चुनाव जीतने के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही 100 दिन में सचिवों का शासकीयकरण करने के साथ साथ मोदी की गारंटी भी है घोषणा पत्र में लिखा है तो मैं समर्थन करता हूं कि इनकी मांगे जायज है जो भी जरूरत होगी हम सहयोग करेंगे, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम जी ने आगे कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत राज चुनाव समाप्त होने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य में सभी पंचायत सचिव एक सुत्रीय मांगों को लेकर 25 दिनों से शासकीयकरण करने को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं ग्राम पंचायत की व्यवस्था पूरी चरमराई हुई है, सरपंच और सचिव दोनों का सम्पर्क नहीं बनने से गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रहा है। हैंड पंप,बोर का वाटर लेवल नीचे जाने से पानी नहीं मिल रहा है सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार गारंटी मनरेगा का कार्य शुरू नहीं हो रहा है राशनकार्ड,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए हितग्राही लाभान्वित नहीं हो रहे हैं ,तत्काल सचिवों की मांगों को पूरा करें और उनके पदस्थ पंचायतों में भेजें इनकी मांगे जायज है मैं इनकी मांगों का समर्थन करता हूं, साथ ही जनपद सदस्य डौंडीलोहारा जागेश्वर दर्रो जी, भुपेश नायक जी ने भी अपने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से पुरा व्यवस्था खराब हो गया है इनकी मांगे जायज है जहां पर भी जरूरत पड़ने पर हम सहयोग करेंगे सरपंच, जनपद और जिला पंचायत का कार्य बाधित हो रहा है राज्य सरकार को इस पर पहल करनी चाहिए। **ये रहे शामिलः** हड़ताल में सचिव संघ के अध्यक्ष- चुनुराम सिन्हा , उपाध्यक्ष दिनेश गंजीर, राजेश्वरी पटेल, सचिव मेनन सिह अटल, सलाहकार देवलाल मालेकर, जागेश्वर साहू, प्रवक्ता द्वारिका प्रसाद चौधरी, कार्यालय प्रभारी खिलावन ठाकुर, कार्यकारिणी बलदाऊ प्रसाद देवांगन, मोहित मालेकर, भुपेंद्र यादव,सरोज केराम,पवन टेभुर्ने, लक्ष्मन पटेल,योगेश साहू,टुमन भालेन्द्र, विदेश जगनायक, हेमंत केसरिया, गोविंद साहू, विष्णु सिन्हा,हुमन साहू शिव कुमार साहू,भागवत साहू, भुपेश देशमुख,डोमार कोसरिया, भुषण साहू रावेन्द्र मंडावी सहित बड़ी संख्या में सचिवों की उपस्थिति रही।

## भोथली में बाजार चौक एवं कला मंच के सामने चलाया गया स्वच्छता अभियान



**गुरूर।** सेवा पखवाड़ा के पावन अवसर पर भाजपा मंडल सनौद के अंतर्गत शक्ति केंद्र भोथली में बाजार चौक एवं कला मंच के सामने स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि हम ऐसी साफ सफाई करेंगे तो हर व्यक्ति अनुकरण कर अपने अपने घर के सामने को भी साफ सफाई करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो स्वच्छता अभियान योजना है, वह सफल होगी और गांव साफ सफाई एवं स्वच्छ रहेगा। इस अवसर पर भाजपा शक्ति केंद्र के संयोजक जसवंत कुमार साहू, सरपंच चुन्नी बाई साहू, उप सरपंच खिलेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष धनेश राम साहू और सेवा राम साहू, ताम्ररज साहू, मनहरण साहू, सेवक राम साहू, माखनलाल साहू, लखन लाल साहू, महेंद्र कुमार साहू, गीतेश्वरी साहू, चंद्रिका साहू एवं ग्राम पंचायत भोथली के समस्त पंचगन भारतीय जनता पार्टी भोथली के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए कुंवर सिंह निषाद

## साहू समाज का इतिहास रहा है गौरवशाली इतिहासः विधायक



**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम नवागांव डु में परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होने माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की। विधायक ने कर्मा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समाज के सभी पदाधिकारीयों, प्रबुद्धजनों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कुंवर सिंह ने कहा कि साहू समाज का हमेशा गौरव शाली इतिहास रहा है।

चाहे वो कृषि के क्षेत्र में हो या शिक्षा के क्षेत्र में हो इस समाज के लोगों ने खूब मेहनत कर सभी क्षेत्रें में सफलता अर्जित की है। माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश–विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्मा माता की गौरव गाथा जन–जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। कहा कि संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है। भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने का आव्हान किया ऐसे सामाजिक आयोजन की हमारे संस—तिक को बल प्रदान कर हमारे आने वाले पीढियों को प्रेरणा प्रदान करता है। ये हुए शामिलः कार्यक्रम में उमाशंकर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ अर्जुन्दा सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना साहू, जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद, सरपंच देवेश्वरी साहू, रमेश साहू, सागर साहू, रामनिवास साहू, चौतराम साहू, धरम साहू, कमल किशोर साहू सहित समाज के लोग शामिल हुए।

## मड़ियाकट्टा में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम मड़ियाकट्टा में आयोजित भागवत महापुराण के पंचम दिवस की कथा में भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए आचार्य पंडित विनोद तिवारी ने बताया कि भक्त प्रहलाद कयाधु और हिरणकश्यप के पुत्र थे, और हिरण कश्यप राक्षस वृत्ति के होने के कारण उनके पुत्र नारद के प्रभाव से विष्णु भक्त होने के कारण उस पर नाराज होकर उसकी कई प्रकार की यातनाएं दी, लेकिन भगवान के भक्ति में लीन होकर प्रहलाद का भगवान विष्णु पर अटूट विश्वास के कारण हर परीक्षा में वह सकुशल रहे। इस पर क्रोधित होकर हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र का वध करना चाहा लेकिन भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर उनकी रक्षा की। इसी प्रकार हर मानव को भक्ति मार्ग में चलते हुए रहना चाहिए





जिससे भगवान उनकी सबकी रक्षा करते हैं। आगे कथा का वाचन करते हुए उन्होंने राजा बलि की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा बलि पूरे सृष्टि को जीतने के लिए यज्ञ का आयोजन किए थे, जिसमें बली को अहंकार हो गया था अहंकार के मर्दन के लिए भगवान ने वामन का अवतार लेकर के उनके यज्ञ में भिक्षा मांगने के लिए पहुंचे। बली उनके ओजस्वी स्वरूप को देखकर वामन भगवान को देखकर बहुत ही आश्चर्य चकित हुए और उनको भिक्षा देने के तैयार हो गए, लेकिन शुक्राचार्य अपने तपोवल के माध्यम से दिव्य दृष्टि से पहचान गए कि यह वामन भगवान कोई और नहीं भगवान विष्णु का ही रूप है उन्होंने विष्णु के छलिया रूप को जानते हुए बली को तीन पग़ जमीन देने से मना करने के लिए कहे, लेकिन बली वचनबद्ध होते हुए अपने गुरु की आज्ञा का पालन न करते हुए तीन पग जमीन दान में देने का संकल्प लिए इसी बीच उनकी पत्नी ने भी उनका साथ दिया। वामन अवतार में भगवान विष्णु ने पूरे सृष्टि को तीन पग में नाप दिया तब भगवान ने उनको आशीर्वाद देते हुए बली को कहा कि भूलोक को छोड़कर पाताल लोक में निवास करो और बली को वरदान में उनके रक्षा करने का उनको वचन दिया और सकुशल बली अपने राज्य का राजभोग किया।

### अपनाना चाहिए आत्मनिर्माण का मार्ग

इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि किसी भी राजा हो या अमीर हो उसके अपने धन पर अभिमान ना करते हुए उसकी प्रजा हित में कार्य करते रहना चाहिए और अपने आत्मनिर्माण का मार्ग अपनाना चाहिए। वामन भगवान ने राजा बलि को उनके पूर्वज के गुनगानों का वर्णन किया कि भक्त प्रह्लाद का पुत्र विरोचन, विरोचन का पुत्र बाणासुर और उनका पुत्र दैत्य राजबली हुए ऐसे उनके वंशज के अनेक धर्मार्थ भक्त वत्सल राजा हुए, ऐसे राजाओं का बखान करते हुए उनको आशीर्वाद दिए। कथा सुनने के लिए आसपास के ग्रामीण कोटेरा, कसही, बगईकोन्हा, सिरपुर, मुंडाटोला, घोरदा, राहटा, डौडीलोहारा से श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं।

## समाज में एकता स्थापित करने में माता कर्मा की भूमिका अद्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम दियाबाती में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज द्वारा कलश यात्र निकाली गई। जहां जगह–जगह माता कर्मा एवं भगवान श्री कृष्ण के तैलचित्र की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि माता कर्मा नारी शक्ति का प्रतीक है और समाज संगठन एवं एकता स्थापित करने में उनकी भूमिका अद्वितीय है। जिस प्रकार अपने अखंड भक्ति से भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी खिलाई यह उनकी भक्ति हम सभी के लिए एक आदर्श हैं और इससे हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा कि साहू समाज की आराध्य देवी कर्मा देवी सेवा, त्याग और भक्ति समर्पण की देवी हैं। कर्मा बाई की गौरव गाथा जनमानस में श्रद्धा तथा भक्तिभाव से वर्षों से चली आ रही है और उन्होंने समाज को हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष धनसाय साहू ने कहा कि आज हमारा साहू समाज विकास की राह पर है, जहां हर छोटे–बड़े कार्यो में महिलाओं को समाहित कर महिलाओं को सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम में तहसील साहू समाज अध्यक्ष महेंद्र साहू, हलधर साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, समाज के जिला महामंत्री विजय साहू, जिला उपाध्यक्ष रामदयाल साहू, उपाध्यक्ष आत्माराम साहू, तहसील कोषाध्यक्ष खेदुराम साहू, मीना सत्येंद्र साहू, ललिता पीमन साहू, तारा देवी यादव, संध्या अजेंद्र साहू, सरपंच पूजा ठाकुर, परीक्षेत्र उपाध्यक्ष तुलसीराम साहू, महिला उपाध्यक्ष नंदिनी साहू, सचिव फल देव साहू, कोषाध्यक्ष राजू लाल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष नीलांबर साहू सहित परिक्षेत्रीय ग्रामीण पदाधिकारी और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डॉ. संजीव बने प्रदेश कामगार के उपाध्यक्ष



**बालोद।** छत्तीसगढ़ शिव सेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेश अनुसार प्रदेश कामगार अध्यक्ष मधुकर पांडे, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, प्रदेश समन्वयक कृष्णा यादव अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में बालोद के डॉ. संजीव कुमार को प्रदेश कामगार उपाध्यक्ष पद में नियुक्त किया गया है। इसमें प्रदेश सचिव शंकर चैनानी, हर्ष शर्मा, अनिल राजपूत, चचंल दुबे, अश्वनी कुमार पुष्पेन्द्र पटेल, डेविड सोनी, बबलू साहू, कुंदन साहू, नंदलाल साहू, रामेश्वर यादव, मोनिष साहू, टिकेश्वर नेताम, खिलेश साहू, मनीषा एवं सभी बालोद जिला के शिवसेना के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नाबालिग को भगाने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहत बालिका एवं आरोपी के ग्राम राखी पाटन में होने की सूचना पर पुलिस टीम रवाना कर अपहत बालिका एवं आरोपी तरूण कौशिक पिता स्व. डेमन कौशिक उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम राखी पाटन को बरामद किया गया। पीड़िता से पूछताछ पर आरोपी तरूण कौशिक द्वारा पीड़िता को नाबालिक जानते हुए बहला फुसला कर शादी का झांसा देते हुये माता-पिता के वैध संरक्षण से भगा ले जाकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती कई बार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करना बताने एवं आरोपी का कृत्य धारा 137(2), 87, 64(2)(एम) बीएनएस, 04, 06 पाक्सो एक्ट का पाये जाने से आरोपी को कोर्ट पेश किया गया। जहां उसे जेल भेज दिया गया।

### राहगीरों को लूटने वाले तीन आरोपी पकड़ाए

**भिलाई।** जामुल पुलिस ने राहगीरों को लूटने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाकर मोटर साइकिल से लौट रहे युवक से लूट की वारदात की थी। आरोपी दिशु जगत पिता संतोष जगत उम्र 19 साल निवासी न्यू खुर्सीपार केनाल रोड उड़िया मोहल्ला थाना खुर्सीपार, हिमांशु सिंह पिता हेमराज सिंह उम्र 20 साल निवासी दुर्गा मंदिर के पीछे लक्ष्मी पारा जामुल थाना जामुल, जय कुमार साहू उर्फ छोटु उर्फ डी.जे. पिता दुजेराम साहू उम्र 18 साल निवासी वार्ड 03 संतोषी चैक जामुल थाना जामुल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी कुलदीप निषाद निवासी बाजार चैक ग्राम अहेरी थाना नंदिनी नगर का रहने वाला थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 अप्रैल की रात्रि करीबन 12:30 बजे अपने दोस्त के जन्मदिन पार्टी से अपनी मोटर सायकल से घर लौट रहा था। एम.पी.ई.बी. चौक जामुल के पास स्कुटी सवार 03 लड़के आये और धारदार चाकु दिखाकर मारपीट कर जेब में रखे नगदी 500 रूपये, मोबाईल फोन एवं आधार कार्ड जबरदस्ती लूट कर भाग गये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी के बताये हुलिया के आधार संदेहियो को पकड़ा गया।

## आयोजन : जैन श्री संघ डौंडी के सभी सदस्यों ने लिया कार्यक्रम में भाग

# डौंडी में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी





प्रति वर्ष भांति इस वर्ष भी जैन श्री संघ डौंडी द्वारा महावीर जन्मकल्याणक उत्सव हर्ष उल्लास से मनाया गया जिसमें संघ के सभी सदस्य महिला पुरूष बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया सुबह प्रार्थना के बाद नगर में प्रभात फेरी निकाली गई जो जैन भवन से दुर्गा चौक होते बाजार चौक से वापिस जैन भवन पहुंची महावीर की जय जय कार के नारों से रैली में महावीर का दिव्य संदेश जिओ और जीने दो के नारों के साथ भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर डोंडी स्थित जैन भवन में जैन समाज ने प्रार्थना का आयोजन किया।

प्रार्थना कार्यक्रम के बाद भव्य रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग, विशेषकर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग, उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर स्वामी की रैली से की गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस रैली का मुख्य उद्देश्य "अहिंसा परमोधर्म" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। रैली में शामिल लोगों ने शांति और सद्भावना का संदेश फैलाया, जिससे समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों और उनके द्वारा दिए गए जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। जैन समाज डौंडी के उपाध्यक्ष राजेन्द्र नाहर ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें सिखाता है कि हमें दूसरों के प्रति करुणा और सहानुभूति रखनी चाहिए। रैली के दौरान समाज के बच्चों और युवा वर्ग ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उनमें से एक युवा प्रतिभागी, महिला मंडल अध्यक्ष ललिता गुणधर ने कहा कि यह रैली हमें अहिंसा और प्रेम का पाठ पढ़ाने के लिए है। हमें अपने समाज में इन मूल्यों को फैलाना चाहिए। महिला मंडल की महिलाएं और युवतियों ने भी



रैली में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की और अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। महिला मंडल के सुनीता गोलछा, ममता बाघमार, रचना गुणधर, सपना बाघमार, उषा बाघमार, दीप्ति ढेलड़िया, कांता ढेलड़िया, ममता जैन, बादामी चोरड़िया, पायल बाघमार, शिखा गुणधर, कोमल गुणधर, सरोज कोठारी, काजल कोठारी, गीतांजलि कोठारी, सहित अन्य शामिल थे। जैन समाज की बालिकाओं मे मुस्कान कोठारी, मौली गोलछा, परी नाहर, वर्षा ,कामना, रिमझिम, पीहू, स्वेता, पूजा, मनीषा, चंचल, सेजल, दिसू, तुलसी, सहित अन्य शामिल थे। डौंडी नगर में नवयुवक मंडल द्वारा नगर के दुर्गा चौक में शरबत का वितरण किया वही महिला मंडल द्वारा फल का वितरण किया गया। जैन समाज के इस आयोजन ने केवल धार्मिक आस्था को उजागर नहीं किया, बल्कि समाज में शांति और सद्भावना को बढ़ावा देने का भी कार्य किया। कार्यक्रम में शामिल सभी ने मिलकर एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया, जिससे यह स्पष्ट था कि जैन समाज महावीर स्वामी के सिद्धांतों को अपने जीवन में ढालने के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में, भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन था, बल्कि यह सामाजिक एकता और सद्भावना का प्रतीक भी बना। जैन समाज ने इस पावन अवसर पर जो संदेश फैलाया, वह सभी के लिए प्रेरणादायक और सार्थक सिद्ध हुआ।

### बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यक्रम के बाद दोपहर में समाज की मीटिंग हुई जिसमें जैन समाज के मजबूती के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वर्तमान वर्ष में व्यवस्था पन कार्यकाल के लिए सर्व सहमति से सुनील रूपेश ढेलड़िया को अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख सुभाष ढेलड़िया, उत्तम चंद लोढ़ा,ज्ञान चंद बाघमार, मांगी लाल गुणधर, संतोष ढेलड़िया,राजेन्द्र नाहर, अशोक कोठारी, पुनम कोठारी, रुपेश ढेलड़िया, विशाल गुणधर, लाल चंद जैन, आशीष बुरड़,गौरव चोरड़िया, लक्ष्मी कांत जैन, तेजस जैन, भुर चंद नाहटा, पारस बाघमार, रोशन जैन,और कई अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया।

## बम्हनी में चौपाल लगाकर मनाया गया सुशासन तिहार



**डौंडी।** सेवा पखवाड़े के अवसर पर जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के दिशानिर्देश पर शक्ति केंद्र गुदुम के ग्राम पंचायत बम्हनी बूथ क्रमांक 231 में सुशासन दिवस पर गांव चलों घर चलों अभियान के तहत चौपाल लगाई गई। जहां ग्रामवासियों से मुलाकात कर उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार नायक ने बैठक चौपाल को संबोधित किया। इसके बाद चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं का आवेदन बनाकर समाधान पेटी में डाला, जिसमें महतारी वंदन, प्रधानमंत्री आवास, नल जल, सड़क से लेकर अनेकों आवेदन प्राप्त हुए। अभियान में विशेष रूप से वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल महामंत्री अजय चौहान, ग्राम पंचायत बम्हनी की सरपंच निर्मला चुरेन्द्र, उप सरपंच छिदगांव पवन साहू, पूर्व उप सरपंच भूखउ राम साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## लंबित सरकारी कार्यों को किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

जिला पंचायत बालोद द्वारा लाखों की लागत से होने वाले कार्यो को जल्द पूर्ण करने का आदेश जारी किया गया था। जबकि ये सारे काम वर्ष 2019 मे स्वीकृति हुए थे, जिसे निर्धारित समयावधी में पूर्ण नहीं किये जाने से वर्तमान शासन द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

जारी आदेश पत्र मे कहा गया था कि सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामो में ग्राम विकास योजना के अंतर्गत चिन्हांकित कार्यो व गतिविधियों को 28 फरवरी 2025 एवं सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत चिन्हाकित ग्रामो मे ग्राम विकास योजना अंतर्गत चिन्हाकित कार्यो गतिविधियो को 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किये जाने का आदेश दिया गया था। इसके तहत कहा गया था कि योजना अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतो की ग्राम विकास योजना के तहत प्रगतिरत एवं स्वीकृति हेतु लंबित कार्यो की सूची संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। कार्यो को शीघ्र ही पूर्ण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करें तथा स्वीकृति हेतु लंबित कार्यो की अद्यतन स्थिति से इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

### ये काम थे जारी

सांसद आदर्श ग्राम लाटाबोड़ मे शिशु स्वास्थ गृह का निर्माण 3 लाख की लागत से निर्माण किया जाना, सामुदायिक समरसता भवन 30 लाख की लागत से निर्माण किया जाना था। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मे बाउड्रीवाल निर्माण 3 लाख की लागत से निर्माण किया जाना था। बाजार चौक सीमेंटीकरण 5 लाख की लागत से निर्माण किया जाना था। बाल उद्यान की स्थापना 10 लाख की लागत से निर्माण किया जाना था। राजीव गांधी सेवा केन्द्र से कामिनी वेल्डिंग तक भूमि विकास 4.71 लाख की लागत से किया जाना था। प्रशिक्षित बुनकरो को हाथकरघा वस्त्र उत्पादन एवं प्रशिक्षण दिलाने हेतु कर्मशाला भवन का निर्माण 10 लाख की लागत से किया जाना था। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र की स्थापना 50 लाख की लागत से किया जाना था। इन सभी कार्यों को वर्तमान शासन ने निरस्त कर दिया है।

## गोंडवाना समाज की संस्कृति और परम्परा है हमारी धरोहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

- आदिवासी गोंडवाना गोंड महासभा परिक्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन पर निकाली गई शोभायात्रा



आदिवासी गोंडवाना गोंड महासभा परिक्षेत्र जोगी मठ कलंगपुर का वार्षिक अधिवेशन गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम खलारी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक व पूर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रभाग अध्यक्ष जीतेश्वरी ठाकुर ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारनी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम सिंह चंद्राकर, गोंडवाना समाज जिला अध्यक्ष प्रेम लाल कुंजाम, गोंडवाना समाज तहसील अध्यक्ष दिलीप मंडावी, गोंडवाना समाज संरक्षक थानसिंह मंडावी, सरपंच राजेश शोरी, राजेश्वरी पडोटी, प्रीतम ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू, सतीश साहू थे। गोंडवाना समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गुमानसिंह मंडावी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में गोंड समाज कि महिलाओं ने कलश लेकर गौरी गौरा की शोभायात्रा निकाली गई, बाजे गाजे एवं आंगा देवता के साथ गली भ्रमण किया गया। अतिथियों के द्वारा बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना की गई तत्पश्चात अतिथियों को आदिवासी समाज की संस्कृति के अनुसार पीला चावल की टीका लगाकर पगड़ी बांध कर और महुआ के फूल माला से स्वागत सम्मान किया गया। गोंड समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

अधिवेशन के मुख्य अतिथि विधायक टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी सोना खान के राजा शहीद वीर नारायण सिंह थे। गोंडवाना समाज की संस्कृति और परम्परा को भुलाया नहीं जा सकता। हमें अपना संस्कृति एवं धर्म के अनुसार चलकर समाज की सेवा करना है। गोंडवाना समाज की मांग पर विधायक ने तहसील गोंडवाना समाज के लिए भवन बनाने की बात कही। सभी अतिथियों ने उदबोधन में कहा गोंडवाना समाज की संस्कृति, रीति रिवाज के अनुसार चलकर संस्कृति बचाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है, ताकि समाज को एक नई दिशा पहचान बने। समाज की मांगों पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य को पूरा करने की बात कही।

इस अवसर पर गुमान सिंह मंडावी, ओमप्रकाश नेताम, मनीष ठाकुर, रूपराम मंडावी, रेखराम कोर्राम, सोमेश्वर ठाकुर, राजू ठाकुर, दुर्गा प्रसाद मंडावी, लेख राम साहू, ईश्वर यदु, भुषण साहू, त्रवदय मुकेश, मिलन साहू, डीआर.साहू, महेन्द्र मंडावी, रायसेन नेताम, नीरज मंडावी, डेविड मंडावी, थालेश्वरीबाई, सुलेन मंडावी, पवन शोरी, नरेश ठाकुर, रामदयाल शोरी, मोती ठाकुर, भीखम मंडावी, परमेश्वर ठाकुर, सहित सभी समाज के लोग उपस्थित थे।

## डॉ अशोक की हास्य-व्यंग की कविताओं पर हंस-हंस कर लोटपोट हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- साहू समाज अंगारी ने किया कवि सम्मेलन का आयोजन



ग्राम अंगारी में ग्रामीण साहू समाज अंगारी की ओर से कला मंच में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। ग्रामीण साहू समाज अंगारी के पदाधिकारी एवं साहू समाज के सहयोग से आयोजित कवि सम्मेलन में अध्यक्ष कुबेर साहू, सचिव टोमेंद्र हिरवानी, डॉ. भूपेंद्र नागे, भानु साहू व भारी संख्या में स्त्री पुरुष देर रात तक चले कवि सम्मेलन का खूब मजा लिया।

उपस्थित कवियों में सोहपुर से पधारे कवि भारत बुलंदी ने कवि सम्मेलन का संचालन कर कवि सम्मेलन को ऊंचाई प्रदान की गणेश जी की वंदना के साथ बालोद के कवयित्री गायत्री साहू, शिवांगी ने कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। हास्य व्यंग्य के साहित्यकार डॉ. अशोक आकाश ने तो श्रोताओं को हँसा हँसा कर लोटपोट कर दिया। संचालन कर रहे कवि भारत बुलंदी ने अपने काव्य पाठ के माध्यम से संदेशपरक मुक्तक एवं संदेशात्मक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में लोग खुलकर आनंद लेते रहे। तीन दौर तक चले उक्त कवि सम्मेलन में तन मन को नई ऊर्जा देती कविताएं भविष्य का द्वार खोलती प्रतीत हुई। देर रात तक काव्य के विभिन्न रस का आस्वाद लेते श्रोताओं ने इस तरह के आयोजन से समाज में बदलाव एवं सुधार की दिशा मिलती है। आगामी समय में बड़ा आयोजन की योजना के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

### परिजन ने बैज से की सीबीआई जांच की मांग

**दुर्ग।** उरला वार्ड में रामनवमी के दिन छः साल की बच्ची से हुई बर्बरता के बाद मौत मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होने परिजनों के घर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली। परिजनों ने बैज से मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं परिजनों ने पुलिस की बर्बरता को लेकर भी सवाल उठाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष बैज गुरूवार को दुर्ग पहुंचे थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कर्मा जयंती पर भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम

# ग्रामीणजनों की सलाह लेकर बनाए जाएं समाज के नियम: ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा




ग्राम भोथली में परिक्षेत्रीय साहू समाज निकुम के तत्वाधान में कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृह मंत्री माननीय ताम्रध्वज साहू ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से शुरू हुई। उसके पश्चात मां कर्मा जी की आरती की गई। उसके बाद अतिथियों का सम्मान के साथ साथ प्रतिभावान छात्रों और सेवानिविंत्र कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि हमे यह जरूरत है की हम नीचे स्तर पर ग्रामीणजनों से सलाह लेकर ऊपर समाज में नियम बनाए ताकि समाज की जरूरत पता चल सके और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया जा सके। वहीं जनपद सदस्य दामिनी साहू ने कहा की हम सभी समाज के लोगों को सबको संगठित कर सबको जोड़कर चलना चाहिए और अपने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार और व्यवहार भी सिखाने की जरूरत है। ताकि वे समाज के साथ साथ सभी लोगों का भी सम्मान कर सके। कार्यक्रम में पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रमशीला साहू साथ में तहसील साहू संघ दुर्ग अध्यक्ष पूसऊ राम साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, क्षेत्रीय जनपद सदस्य दामिनी साहू, संरक्षक तहसील साहू संघ दुर्ग जगदीश दीपक, जनपद सदस्य ढालेश साहू जी, पूर्व सरपंच रमेश साहू, सरपंच खांडारूदा नंदकुमार साहू, सरपंच भोथली नेमीन खूटेल, अध्यक्ष पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय निकुम सुरेश साहू, प्रीतम साहू, रुदा परिक्षेत्रीय अध्यक्ष घनश्याम साहू, देवीलाल साहू, मुकेश साहू के साथ में भारी संख्या में समाज के पदाधिकारी गण और सभी समाज के लोग उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411